# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,सहारनपुर

(पुँवारका,सहारनपुर,उ0प्र0,पिन–247120)

website-msuniversity.ac.in E-mail id – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक :193/ प्रवेश / MSU / 2025–26 दिनांक : 25/06/25

## प्रेस–विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों / संस्थानों में संचालित स्नातक स्तर के सभी पाठ्यक्रमों में सत्र 2025–26 में प्रवेश हेतु आनलाईन पंजीकरण कराने की अन्तिम तिथि दिनांक 05.07.2025 तक विस्तारित की गयी हैं। अतः इच्छुक अभ्यर्थियों स्नातक स्तर के पाठ्क्रमों में दिनांक 05.07.2025 तक अपना पंजीकरण अवश्य करा ले। यह पंजीकरण कराने का अन्तिम अवसर प्रदान किया गया है।

इसी क्रम में सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालय में संचालित स्नातक स्तर के सभी पाठ्यक्रमों में सत्र 2025–26 में प्रवेश हेतु पंजीकृत छात्रों को उनके व्यक्तिगत विवरण एवं शैक्षणिक योग्यता सम्बन्धित विवरण में संशोधन हेतु दिनांक 26.06.2025 से 05.07.2025 तक का अवसर प्रदान किया गया है। अतः पंजीकृत अभ्यर्थी दिनांक 26.06.2025 से 05.07.2025 तक अपने लॉगिन आइडी0 से समर्थ ई0आर0पी0 के प्रवेश पोर्टल (https://msuadm.samarth.edu.in ) पर लॉगिन करके अपने व्यक्तिगत विवरण एवं शैक्षणिक योग्यता सम्बन्धित विवरण में संशोधन कर सही कर सकते है।

उपर्युक्त तिथियों के बाद किसी भी प्रकार के संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी। अतः समस्त अभ्यर्थी समय सीमा के भीतर अपना पंजीकरण के विवरण की जाँच कर आवश्यक सुधार करना सुनिश्चित करें।

पंजीकरण करने के पश्चात् प्रवेशार्थी इस पंजीकरण फार्म का स्वहस्ताक्षरित प्रिन्ट / फोटोप्रति एवं सम्बन्धित आवश्यक पत्राजातों के साथ पाठ्यक्रम से सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान में जमा करायेगा। महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालय में पजीकृत प्रवेशार्थियों की नियमानुसार प्रवेश की कार्यवाही कर महाविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर प्रवेश Confirm करेंगें।

(प्रो० ओमकार सिंह)
प्रवेश समन्वयक
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
एवं
प्राचार्य, गोचर महाविद्यालय, रामपुर मनिहारान, सहारनपुर।

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।**

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. कुलसचिव।
03. वित्त अधिकारी।
04. उपकुलसचिव (प्रवेश)।
05. सह समन्वयक प्रवेश को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
06. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थान को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
07. समस्त स्थानीय प्रेस प्रवक्ताओं को छात्र हित में अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में निशुल्क प्रकाशित कराने हेतु।
08. विश्वविद्यालय प्रोग्रामर समर्थ पोर्टल (प्रवेश सैल)।
09. विश्वविद्यालय वेबसाईट मेन्टेनर को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड कराये जाने हेतु।
10. गार्ड फाईल।

(प्रो० ओमकार सिंह)
प्रवेश समन्वयक